तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड




## खबर संक्षेप

### खरोरा में मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में मारपीट के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मोहन चंद्राकर पिता दुर्योधन चंद्राकर (42 साल) ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपी चंद्रशेखर उर्फ बोंगो पिता चोवाराम पटेल ने पंचायत भवन के पास उसके साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का, डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शराब का अवैध परिवहन करने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद**। शराब का अवैध परिवहन करने वाले व्यक्ति पर पुलिस ने कार्रवाई की है। तुमगांव थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शराब का अवैध परिवहन करते प्रेमलाल निर्मलकर पिता द्रोहन निर्मलकर (45 साल) वार्ड नं 13 भांठापारा तुमगांव को महासमुंद रोड पेट्रोल पंप के पास बाइक सीजी 06 सी 2472 कीमत 25000 रुपए के माध्यम से 6300 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 2800 रुपए को बरामद कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसी तरह सरायपाली थाना पुलिस ने पतेरापाली मोड़ के पास रामप्रसाद सहिस पिता मोजीलाल (55 साल) वार्ड नं 01 पतेरापाली को अवैध रूप से महुआ शराब कि बिक्री करते हुए पकड़ा है। आरोपी के पास से 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### प्रक्रिया: जिले के 3.33 लाख राशन कार्डधारी सदस्यों का होगा ईकेवायसी

# एलपीजी कनेक्शन के बाद अब राशन कार्ड के लिए करानी होगी ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एलपीजी कनेक्शन की ई-केवाईसी के बाद अब राशन कार्ड बदलने का अभियान भी शुरू किया जा रहा है। इसके लिए 25 जनवरी से जिले के 3 लाख 33 हजार राशन कार्डधारियों को नवीनीकरण कराने के लिए संबंधित पीडीएस दुकानों में परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी कराना होगा। इस बार नए राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से लिए जाएंगे। वहीं नवीनीकरण की प्रक्रिया 29 फरवरी तक पूरी करनी होगी।

मिली जानकारी के मुताबिक पूरे राज्य में 25 जनवरी से 15 फरवरी तक राशन कार्डधारियों से आवेदन लिया जाएगा। राशन हितग्राहियों से इस बार आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से लिए जाएंगे। कोई भी पात्र हितग्राही अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण कराने से वंचित न रहे। इसलिए, राशन कार्ड नवीनीकरण की प्रक्रिया को पहले से बेहतर और सरल बना दिया है। ताकि राशन कार्ड में शामिल सदस्यों में से किसी एक का ई-केवाईसी पूरा होने की स्थिति में लाभार्थी मोबाइल ऐप के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक आवेदन जमा कर सकता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से फरवरी 2024 तक लाभार्थियों के राशन कार्डों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अलावा अब तक जिन लोगों ने ई-केवाईसी नहीं कराया है, उनके लिए भी राशन कार्ड नवीनीकरण में विशेष सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही अति बुजुर्ग एवं दिव्यांग उपभोक्ता जिन्होंने अभी तक अपना ई-केवाईसी नहीं कराया है, उनके लिए भी राशन कार्ड नवीनीकरण में विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



#### एंड्राइड फोन से कर सकेंगे आवेदन

खाद्य विभाग द्वारा तैयार किए गए मोबाइल ऐप में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके माध्यम से राशन कार्ड के लिए आवेदन से संबंधित सभी जानकारी स्वचालित रूप से मोबाइल ऐप के माध्यम से खाद्य विभाग के डेटाबेस से उपलब्ध हो जाएगी, जिसकी पुष्टि लाभार्थी द्वारा की जाएगी। अपने खुद के मोबाइल से भी आवेदन किए जा सकेंगे।

#### एपीएल कार्डधारी को देने होंगे 10 रुपए

प्राथमिकता, निराश्रित एवं निःशक्तजन श्रेणी के राशन कार्डों के लिए राशन कार्ड नवीनीकरण की पूरी प्रक्रिया मुफ्त होगी तथा नया राशन कार्ड प्राप्त करने के लिए उन्हें कोई राशि नहीं देनी होगी। यह राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। सामान्य श्रेणी के राशन कार्ड धारकों के लिए ऐप के माध्यम से नवीनीकरण के लिए 10 रुपये देने होंगे।

## शिक्षा मंत्री अग्रवाल करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

75वां गणतंत्र दिवस जिले में पूरे गरिमामय तरीक़े से मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, धार्मिक न्यास तथा धर्मस्व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अवसर पर सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी लेंगे।



जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि अग्रवाल का समारोह स्थल पर आगमन सुबह 8:58 बजे होगा। 9 बजे ध्वजारोहण एवं सलामी लेंगे। 9:03 बजे परेड का निरीक्षण करेंगे। 9:15 बजे से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। सुबह 9:30 बजे मार्चपास्ट, सुबह 9:50 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:20 बजे विभागीय झांकियों का प्रदर्शन, 10:30 बजे पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण और सुबह 10:45 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

## दो युवकों से महुआ व देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद**। तेंदूकोना और कोमाखान पुलिस ने पुलिस अवैध रुप से शराब की बिक्री कर रहे दो लोगों पर कार्रवाई की है। तेंदूकोना पुलिस ने सुचना के आधार पर सेनहा जंगल ग्राम सोनदादर के जंगल मे दबिश देकर अर्जुन गोंड़ पिता जगन्नाथ गोड़ (21 साल) निवासी बीकेबाहरा थाना खल्लारी को अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे 16160 एमएल देशी प्लेन/महुआ शराब कीमत 4640 को बरामद किया है एवं दूसरे युवक को कोमाखान थाना पुलिस ने भिलाईदादर से भालुचुंवा जाने का रास्ता पर से 3600 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1600 रुपए एवं बिक्री रकम 320 रुपए को जब्त किया है। पुलिस ने दोनों युवकों को धारा 34 (2), 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

### छेरछेरा पर्व पर छलका बच्चों का उत्साह



महासमुंद। दान का पर्व छेरछेरा धूमधाम से मनाया गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद बच्चे थैला लेकर छेरछेरा मांगने निकल पड़े। यह सिलसिला शाम तक जारी रहा।

## सरायपाली थाना में मारपीट के चार मामले दर्ज

**महासमुंद**। सरायपाली थाना में मारपीट के अलग-अलग मामलों में आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। पहले मामले में जमीन विवाद की बात को लेकर लतारानी सिंह ठाकुर पति कमल नारायण सिंह (39 साल) निवासी वार्ड नं 13 महलपारा सरायपाली से मनोज कुमार यादव निवासी वार्ड नं. 13 महलपारा सरायपाली ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए घर में तोड़ फोड़ किया।

दूसरा मामला ग्राम बरतियाभांठा का है जहां पुरानी रंजिश को लेकर जलंधर भोई पिता अलेख (24 साल) को जितेंद्र भोई, दिलेश्वर भोई ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। तीसरा मामला ग्राम झिलमिला का है जिसमें जगदीश प्रधान पिता प्रसन्न प्रधान (39 साल) से मनोज प्रधान पिता हेमकुमार प्रधान ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं चौथा मामले मे जमीन विवाद की बात को लेकर मनहरण भारगे पिता हेतराम भारगे (24 साल) निवासी सुखापाली से सुरितराम रत्नाकर एवं विजय रत्नाकर ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और घर में तोड़-फोड़ किया किया है। पुलिस ने सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में जुर्म दर्ज किया है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969





# आर.एल.सी.

मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, महासमुंद

80 बिस्तर

मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल

सुविधायें

- 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा व ट्रामा सेंटर
- 24 घंटे प्रसुति गृह (नॉर्मल एवं ऑपरेशन सुविधा)
- 24 घंटे डायग्नोस्टिक सेंटर, मेडिकल, कैंटिन व एम्बुलेंस
- गहन चिकित्सा विभाग (I.C.C.U.)
- माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- सिटी स्केन (C.T. Scan), डिजीटल एक्सरे
- 24 घंटे हाईटेक पैथालॉजी सेंटर
- बेबी वार्मर व न्यूनेटल केयर
- डायलिसीस की सुविधा उपलब्ध
- ई.सी.जी., ईकोकार्डियोग्राफी
- अल्ट्रासोनोग्राफी, कलर डॉप्लर
- ट्रेडमिल टेस्ट (T.M.T.), स्पाइरोमेट्री (P.F.T.)
- वेन्टीलेटर एवं अत्याधुनिक मशीनों से युक्त आई.सी.यु.
- C-ARM व लेप्रोस्कोपिक सुविधा
- सर्व सुविधायुक्त वार्ड (जनरल वार्ड, सेमी प्राईवेट, प्राईवेट वार्ड, डिलक्स वार्ड, मेटरनिटी वार्ड)
- नेत्र विभाग एवं आँखो की सर्जरी

समस्त क्षेत्रवासियों को 75वें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



Dr. Lekh Manjeet chandrasen
MBBS MS. MCH PLASTIC SURGEON



Dr. Manjeet singh chandrasen
M.D. physician, sonologist

अपॉइन्टमेंट नम्बर : 07723223001, 07723223002

फोन पर अपाइन्टमेंट बुक कराएं -77710-95201



प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



छत्तीसगढ़ का एकमात्र दर्द निवारण केन्द्र

- नामिनल सीजियन
- साइटिका
- पीठ का दर्द
- कमर दर्द
- घुटने का दर्द
- माइग्रेन
- एड़ी का दर्द
- नस की परेशानी
- ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच
- सीटी स्केन की सुविधा
- डायलिसीस की जांच
- 24×7 इमरजेंसी
- क्रिटिकल केयर (आई.सी.यू.)
- माड्युलर ऑपरेशन थियेटर
- एक्सीडेन्ट एवं ट्रामा
- प्रसूति गृह (स्त्री रोग)
- शिशु रोग विशेषज्ञ
- डिजिटल एक्सरे
- 24×7 पैथोलॉजी
- सोनोग्राफी
- 24×7 एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध
- फीजियोथैरेपी एवं पंचकर्म
- श्वास एवं फेफड़ा रोग
- यूरोलॉजी (पथरी का इलाज)
- न्यूरोलॉजी (लकवा का इलाज)

# सोहम हॉस्पिटल

संकल्प, सेवा, साधना





डॉ. सोमी चंद्राकर, स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. युगल चंद्राकर
एम.बी.बी.एस.एम.डी.

श्री शांति विजय सेवा परिसर, बागबाहरा रोड, पेट्रोल पंप के पास लभरा, महासमुंद मो. 7803008904, 8889923466



समस्त क्षेत्रवासियों को 75वें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

डॉ. ज्योति IVF एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

# आदित्या हॉस्पिटल व मेटरनिटी होम

पुरानी मंडी रोड, गंजपारा, महासमुंद फोन : 07723-224823, 224433, मो. 7803993237







डॉ. एच.बी. कालीकोटी
MBBS, MD, MAPI ACLS
शुगर, थायराइड, बीपी, हृदय एवं श्वास रोग विशेषज्ञ



डॉ. ज्योति कालीकोटी
MBBS (Gold Medalist) MD FMAS
प्रसूति-स्त्री रोग एवं इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन

यह शारीरिक कमियां है जिसे सही जांच और उपचार पद्धतियों से ठीक किया जा सकता है...
निःसंतान दंपत्ति अब निराश न हो, कम खर्च में विश्वस्तरीय विश्वसनीय इलाज

आदित्या हॉस्पिटल एवं मेटरनिटी होम

## ART BANK

FOR DONOR EGG & SPERM

पुरानी मण्डी रोड, गंजपारा, महासमुन्द फोनः 07723 224823, 224433
मो. 7803993237, 9826636115 वाट्सएप 9617936795

अब आपके शहर में आदित्य हास्पिटल एवं मेटरनिटी होम महासमुन्द में एक नई सुविधा ART BANK की मान्यता प्राप्त हो गई है। यह महासमुन्द जिले का पहला ART BANK है इसकी सुविधा जिले में कार्यरत अन्य IUI CENTER व निःसंतान दंपति ले सकते है।

एआरटी बैंक से संबंधित कुछ तथ्यः-

प्रश्न 1 : एआरटी बैंक (ART BANK) का क्या मतलब होता है ?
उत्तर : एआरटी बैंक (ART BANK) एक संस्था है जो वीर्य (शुक्राणु) एवं अंडाणु (oocyte) को ART Clinic / IVF Center में उपलब्ध कराती है।

प्रश्न 2 : एआरटी बैंक (ART BANK) क्या-क्या सुविधा देती है ?
उत्तर
1. वीर्य का संग्रहण (Sperm cryopreservation)
2. वीर्य बैंक (Sperm Bank)
3. वीर्य दाताओं (Sperm Doner) का परामर्श, जाँच, संग्रहण व पंजीयन करती है।
4. (Oocyte Doner) का परामर्श. जाँच व पंजीयन करती है।
5. जिन मरीजों (महिला या पुरुष) को कैंसर संबंधित बीमारीयां है और भविष्य में संतान उत्पत्ति के लिए आशा रखते हो, उन्हे अपने ईलाज जैसे - कीमो थैरेपी, रेडिया थैरेपी या सर्जरी कराने से पूर्व वे अपने अंडाणु व शुक्राणु को (ART BANK) बैंक में संरक्षित कर भविष्य में सपनों को साकार कर सकतें है।

प्रश्न 3 एआरटी बैंक (ART BANK) का क्या महत्व है ?
उत्तर - एआरटी बैंक (ART BANK) उन दंपत्तियों के लिए वरदान है जो शुक्राणुओं की कमी या अस्वस्थ्य शुक्राणुओं के कारण अपने स्वयं के अण्डों का उपयोग करके गर्भ धारण नही कर सकते। और जो महिलाएं जिनकी अंडदानी की सक्रियता कम हो जाती है और जिनकी उम्र 35-40 वर्ष से अधिक होती है उन्हे Oocyte/ egg Doner की सुविधाएें प्रदान करती है।

ART BANK यह सुनिश्चित करता है कि दान के लिए चयनित या जाँच किये गये दानकर्ता संचारी रोगो से मुक्त है।

FACILITIES AVAILABLE

INVESTIGATION
- Counselling related to Infertility
- Semen Analysis with sperm function test
- Hormonal test
- USG-Male / Female
- HSG
- Diagnostic and operative laparohysteroscopy
- Follicular monitoring

PROCEDURE
- IUI (Homologous)
- Donor IUI
- Sperm Freezing
- Embryo freezing
- IVF
- ICSI
- Platelet-Rich plasma therapy





संकलनकर्ता- हरिभूमि टीम-महासमुंद (छत्तीसगढ़)

(99811-31365)
आशीष साहू
(94252-04260)




## खबर संक्षेप



### लोहझर में मनाया जा रहा पौष नवरात्रि

**नर्रा।** शाकंभरी शक्ति पीठ लोहझर छुरा में मरार पटेल समाज द्वारा पौष नवरात्र 18 से 25 जनवरी तक धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धलुओं ने आस्था के मनोकामना 234 ज्योत प्रज्वलित किया गया। नवरात्र पर समाज के छग प्रदेश मीडिया प्रभारी ललित पटेल और नर्रा के सामाजिक बंधुओं ने आराध्य देवी मां शाकंभरी की दर्शन व पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान प्रमुख रूप से शाकंभरी समाज के संयोजक नारायण पटेल, समाज सेवी मनोज पटेल, हंसराज पटेल, दिनेश पटेल, प्रेमलाल पटेल, सुखचंद पटेल, सुपेत पटेल, हेमलाल पटेल, रमेश पटेल, अर्जुन पटेल आदि उपस्थित रहे।



### छेरछेरा पर्व पर किया अन्नदान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार छेरछेरा धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार के दिन सुबह से छोटे बच्चों से लेकर युवा व बुजुर्ग थैला लेकर गांव-गली मोहल्लों में छेरछेरा के रूप में अन्न मांगा। किसानों ने भी अन्न दान कर विदा किया। रामायण मंडली द्वारा कीर्तन भजन के साथ छेरछेरा मांगा। इस अवसर पर किशन लाल, चमन, रामकुमार, परमानंद, तेजराम, गजाधर, अर्जुन, मोतीलाल, पंकज, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर आदि मौजूद रहे।



### भोरिंग में निकाली गई कलशयात्रा

**महासमुंद।** अयोध्या स्थित रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर ग्राम भोरिंग में कलश यात्रा निकाली गई। हर घर दीप और रंग बिरंगे लाइट से सजाकर उत्सव मनाया गया। आतिशबाजी, राउत नाचा, मानस गान भी किया गया।

**प्रोत्साहन:** निर्वाचन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी कर्मचारी सम्मानित

# अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने में ही लोकतंत्र की खूबसूरती है: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में इस वर्ष भी 25 जनवरी को 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिला पंचायत के सभागार में जिला स्तरीय मतदाता दिवस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वनमंडल अधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, उपजिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू थे। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य इस समारोह द्वारा 17-18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले लोगों में पंजीयन के लिए जागरुकता पैदा करना है।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मलिक ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां लोग स्वयं अपनी सरकार चुनते हैं। प्रत्येक 18 वर्ष एवं इससे अधिक आयु का वयस्क नागरिक मतदान करने का अधिकारी है। नागरिकों का मतदान का मतलब उनका अपनी सरकार चुनने में योगदान देने से है। प्रत्येक मतदान का अपना महत्व है। क्योंकि, बहुमत के आधार पर ही सरकार का निर्णय होता है। अर्थात सरकारें बहुमत के आधार पर ही चुनी जाती हैं। हम सभी राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए अपने अपने गांव टोला में 18 वर्ष पूरे कर चुके युवक-युवतियों का मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। ताकि, 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवक-युवती राष्ट्र के निर्माण में अपना बहुमूल्य वोट देकर जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं। प्रयास करें कि एक भी 18 वर्ष से ऊपर के नागरिक का नाम मतदाता सूची से वंचित ना हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि वोट देने का मतलब लोकतंत्र की प्रक्रिया को मजबूत बनाना है। उन्होंने अनेक उदाहरण से बताया कि भारत में लोकतंत्र की जड़े कितनी गहरी है। मतदान करने से ही लोकतंत्र की खूबसूरती है। इस अवसर पर कलेक्टर ने निर्वाचन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीएलओ से लेकर अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले में सबके सहयोग से स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन हो पाया।

पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने कहा कि हमें मतदान के प्रति अपने अधिकार के साथ कर्तव्य को भी समझना होगा मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश का हमें मतदान देकर सदुपयोग करना होगा उन्होंने बिना भय और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सबको बधाई दी। वन मंडल अधिकारी पंकज राजपूत ने कहानी के माध्यम से बताया कि हमें अपने वोट के अधिकार को कैसे लेना है। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकार के लिए आवाज उठानी होगी, इसका इस्तेमाल करना होगा तभी लोकतंत्र सशक्त होगा।

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक ने कहा कि प्रत्येक मतदाताओं को अपने वोट का उपयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है। देश में प्रजातांत्रिक व्यवस्था यहां की खूबसूरती है। यहां हर व्यक्ति को अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करने का अधिकार होता है। उन्होंने यह भी बताया कि मताधिकार एक विधिक अधिकार है। इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी स्वीप वा जिला परियोजना अधिकारी रेखराज शर्मा ने बताया कि विधान सभा निर्वाचन के दौरान 44 हजार से ज्यादा मतदाता नए जुड़े हैं। मतदाता दिवस के अवसर पर बागबाहरा एसडीएम व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सृष्टि चंद्राकर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा जनसंपर्क सहायक संचालक पोषण साहू, समाज कल्याण विभाग की संगीता सिंह, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे सहित महाविद्यालय के नोडल प्राध्यापक, स्कूल व अन्य अधिकारी, बीएलओ, कैंपस एंबेसेडर, निर्वाचन से जुड़े लगभग 54 कर्मचारी को सम्मानित किया गया। दिव्यांग शांति ठाकुर और तोरण यादव को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को शपथ दिलाई गई और नए मतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरित किया गया।

## सशिमं कोल्दा में पूर्व छात्र सम्मेलन के साथ पराक्रम दिवस मनाया



**कोमाखान।** सरस्वती शिशु मंदिर कोल्दा में पूर्व छात्र सम्मेलन एवं पराक्रम दिवस एक साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व छात्र और गुरुशरण साहू (शिक्षक), कार्यक्रम की अध्यक्षता सहदेव सिंह ठाकुर (शिशु मंदिर कोल्दा के पूर्व प्रधानाचार्य और शिक्षक), विशेष अतिथि के आसंदी पर पूर्व छात्र बलराम साहू, ढालेश्वर साहू, लक्ष्मीचंद सोनवानी, धनसिंह दीवान, विजय कुमार दीवान, रामप्यारे साहू, मोतीराम साहू, हरीनाथ साहू, अब्दुल हुसैन, क्रांतिपाल मंडल, मधु निराला, भोलाराम साहू तथा मातृशक्ति में सुशीला साहू, वत्सल साहू थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, प्रणव अक्षर ओम और भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर दीप ममंत्र के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुरुशरण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिशु मंदिर में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन सिखाया जाता है। मैं अपनी उपलब्धि का श्रेय विद्यालय को मानता हूं और जो भी छात्र छात्राएं शिशु मंदिर की शिक्षा और संस्कार को ग्रहण करेगा, वो निश्चित ही अपने जीवन पथ पर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सहदेव सिंह ठाकुर पराक्रम दिवस पर अपने उद्बोधन में कहा कि नेताजी भारत के सबसे महान क्रांतिकारी में से एक थे। जिन्होंने गुलाम भारत को आजाद करने के लिए आजाद हिंद फौज के गठन से लेकर हर वह काम किया, जिसकी वजह से वहां केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लिए प्रेरणा बन गए। इसी प्रकार हम सभी लोगों को अपने जीवन में सभी समस्याओं का सामना पराक्रम के साथ करना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व छात्र-छात्राओं के इस सम्मेलन में तात्कालिक भाषण की प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और एवं उनका सम्मान भी किया गया।

पराक्रम दिवस पर विद्यालय के भैया बहनों द्वारा शारीरिक प्रकोत्सव के अंतर्गत समता, नियुद्ध, खेल, व्यायाम और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ताम्रध्वज साहू एवं टिकेश्वरी साहू ने किया।

## अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में शामिल हुए जिले के 4 छात्र व शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

हरियाणा के फरीदाबाद स्थित रीजनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी में चार दिवसीय भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2023 का आयोजन 17 जनवरी से 20 जनवरी तक हुआ। यह कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया। इसमें विश्व के 23 देशों के वैज्ञानिक, विद्यार्थी एवं शोधार्थी तथा भारत के विभिन्न शोध संस्थानों के वैज्ञानिक, शिक्षक एवं स्कूली विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

महासमुंद जिले से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा के व्याख्याता एवं विज्ञान परिषद के जिला नोडल जगदीश सिन्हा तथा शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के व्याख्याता सुबोध कुमार तिवारी तथा जिले के 4 विद्यार्थियों आदित्य, दीपांशु, थामस, प्रणव के साथ इस अंतराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में सम्मिलित हुए। अमृतकाल में आयोजित इस नवें भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का मुख्य थीम अमृत काल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का आमजन तक पहुंच था। इस विज्ञान महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम स्टूडेंट साइंस विलेज, स्पेस हैकाथन, विज्ञान साहित्य महोत्सव, राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षक कार्यशाला, युवा वैज्ञानिक सम्मेलन, स्टार्टअप इनोवेशन सम्मेलन, महिला वैज्ञानिक एवं उद्यमी सम्मेलन, विभिन्न राज्यों के विज्ञान मंत्रियों एवं सचिवों का सम्मेलन तथा भारत अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इसरो, डीआरडीओ, जैव प्रौद्योगिकी, विज्ञान एवं तकनीकी, सीएसआईआर जैसे देश के ख्याति प्राप्त शोध संस्थानों के नवीनतम शोध तकनीक एवं उत्पादों का प्रदर्शन, शिक्षा में खिलौनों का उपयोग, गणित, भौतिक जैसे कठिन विषयों को खेल खेल में समझने के उपकरणों का प्रदर्शन, देश के उच्चतर शिक्षा संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी के इनक्यूबेशन सेंटर में युवा उद्यमियों द्वारा विकसित नवाचारी उत्पाद एवं पेटेंटेड उत्पादों का प्रदर्शन हेतु स्टॉल लगाए गए थे।

स्टूडेंट साइंस विलेज कार्यक्रम में जिले के विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने प्रतिभागिता किया। जहां विज्ञान के विभिन्न विषयों पर एक्टिविटी, नई तकनीक एवं ख्यातिनाम वैज्ञानिकों के साथ परिचर्चा हुई। रसायन, भौतिक और जीव विज्ञान के अनेक हैंड्स ऑन एक्टिविटी छात्रों ने किए। सस्ता एवं पोर्टेबल सूक्ष्मदर्शी जिसे फोल्डस्कोप कहा जाता है का असीमब्लिंग करना सीखा। आईआईएसएफ चैलेंज के तहत 2000 छात्रों ने एक साथ, एक जगह पर पीको सैटलाइट बनाकर लॉन्च का प्रदर्शन भी किया।

स्टूडेंट साइंस विलेज में देश भर के 1600 विद्यार्थी शामिल हुए। इन विद्यार्थियों को वैज्ञानिकों, वैज्ञानिक संचारकों और उद्यमियों से मिलकर संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ। स्टूडेंट साइंस विलेज का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को शोध के लिए प्रेरित करना है, यह आयोजन विद्यार्थियों को विज्ञान की उपलब्धियों को समझने की नई दृष्टि प्रदान करता है, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की समझ विकसित करने में अहम भूमिका अदा करता है।

जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी, सहायक संचालक सतीश नायर, नंदकिशोर सिन्हा, जिला नोडल हेमेंद्र आचार्य, जिला विज्ञान परिषद के ब्लॉक नोडल राजेश्वर चंद्राकर, विवेक वर्मा, अजय कुमार भोई, अनिल प्रधान व सहायक ब्लॉक नोडल खेमराज साहू, अक्षय साहू, यशवंत चौधरी, प्रेम साव ने हर्ष जताया है।

## नर्रा में मनाई गई शाकंभरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा



पौष पूर्णिमा गुरुवार को शांति नगर पटेल भवन नर्रा में मरार समाज द्वार शांकभरी जयंती मनाई गई। मरार समाज के आराध्य कुल देवी मां शांकभरी देवी की पूजा अर्चन एवं हवन पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। वही समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। धार्मिक मान्याताओं के मुताबिक देवी शाकंभरी आदिशक्ति दुर्गा के अवतारों में एक है। देवी दुर्गा के सभी अवतारों मे से रक्तदंतिका भीमा भ्रामरी शाकंभरी के नाम से प्रसिद्ध है।

जयंती पर माता शांकभरी को हरा सब्जी अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की गई। पौराणिक कथा के अनुसार एक समय था जब पृथ्वी पर दुर्गम नामक दैत्य ने आतंक का माहौल पैदा किया। इस तरह करीब सौ वर्ष तक वर्षा न होने के कारण अन्न जल के अभाव में भयंकर भीषण अकाल पड़ा था, जिससे लोग मर रहे थे। जीवन खत्म हो रहा था। इस दैत्य ने ब्रह्मा से चारों वेद चोरी कर लिए थे। तब आदि शक्ति मां दुर्गा का रूप में मां शाकंभरी देवी अवतरित हुई। जिसके सौ नेत्र थे। उन्होंने जब रोना शुरू किया। रोने पर आंसू निकले और इस तरह पूरी धरती में जल प्रवाह हो गया। अंत में मां शांकभरी दुर्गम दैत्य का अंत किया। जयंती पर जनपद सदस्य नामेश्वरी दीवान, सरपंच गोपाल किशन पटेल, सोहन लाल पटेल शामिल हुए। इस अवसर पर दुकालुराम पटेल, धनसाय पटेल, महेश पटेल, दयालुराम पटेल, प्रभुराम पटेल, धनराज पटेल, नरसिग पटेल, सुकालुराम बद्री पटेल आदि मौजूद रहे।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर खरोरा में मनाया दीपोत्सव



**महासमुंद।** अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर ग्राम खरोरा में दीपक जलाकर लोगों ने उल्लास मनाया। ग्राम खरोरा के गुडी चौक में प्रभु श्रीराम पूजा अर्चना की गई। शाम 6 बजे दीपक जलाकर दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि पूरे अयोध्या में ही नहीं भारत देश में दीपोत्सव मनाया। गांव के गुडी चौक में जय बजरंग मानस मंडली एवं गायत्री मानस मंडली द्वारा रामचरितमानस कीर्तन भजन का आयोजन किया गया। इस इस अवसर पर जितेंद्र चंद्राकर, ओमप्रकाश चंद्राकर, मेमन चंद्राकर मुकेश चंद्राकर, देवदत्त चंद्राकर, हेमू चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, ममता चंद्राकर, सुनीता चंद्राकर, सरोज, रीखा, पूनम, गायत्री, गीता, लता, नीला, माधुरी, दीक्षित, सुमित्रा, लक्ष्मी, हेमलता, कौशल, भूषण,किशन लाल, कोमल, भानू चंद्रशेखर, कीति, भुनेश्वरी, डिंपल, रेखा, दिनेश, शंकर, शकुन, मीना, पंकज, देवकी, लेख, ममता, गिरजा, चमन, कुमारी, कलिन्दरी, राधे, पुरेंद्र, भास्कर,राजू, मनोज, इंद्राणी, कांति, रोहिणी, राजेंद्र, प्रकाश, रेणुका, ज्ञानी, विजयलक्ष्मी, शिवकुमारी, गौरव, पुरेन्द्र, भास्कर, राकेश, रोशन, मंजू, अनीता, मीना, सीता, मोहन, उत्तम, अंजू, कुंती, संदीप, विमला, आशीष, कमलेश, पोखन, जगमोहन, कौशिक, भूपेंद्र उषा, रामकुमार, खुशबू, मोनिका, प्रियंका, दामिनी, टीना, कविता आदि मौजूद रहे।

**बिजनेस साईट**




### सैमसंग का नया मोबाइल एस 24 सीरीज लांच

**महासमुंद।** सैमसंग का नया मोबाइल एस 24 सीरीज लांच हुआ। जैन म्यूजिक एंड मोबाइल के संचालक दिवस जैन ने बताया कि सैमसंग का न्यू मोबाइल एस 24 सीरीज में लांच हुआ। जिसकी कीमत 79999 रुपए से शुरु है, जो ऑफर में 64999 में मिल रहा है और एस 24 अल्ट्रा 512 जीबी कीमत 139990 से शुरू है, जो लांच ऑफर में 117990 में गिफ्ट के साथ व जीरो प्रतिशत ब्याज में मिल रहा है। इस दौरान राकेश जैन, डॉ. हरजोत गुरुदत्ता, सैमसंग से अभिषेक नाग, एरिश अनवर, आयुष लूनिया, अजय राजा, भावेश राजा, प्रतीक जैन आदि मौजूद रहे।

**सेंट्रिंग मटेरियल का व्यवसाय करने वाली उपासना का नाम गोल्ड मेडलिस्ट में**

# छग साहित्य में गोल्ड मेडल के लिए उपासना चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

नगर के अत्यंत निर्धन परिवार में जन्मी एक बेटी ने अपने परिवार का गुजारा करने व्यापार करते हुए पढ़ाई की और अब उसका पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी से छत्तीसगढ़ी साहित्य में गोल्ड मेडल के लिए चयन किया गया है।

उपासना यादव को आज भी नगर के लोग कम ही जानते है। क्योंकि, इसने कभी अपनी शिक्षा का कोई प्रचार प्रसार नही किया और न ही कभी इस बेटी की ओर किसी का ध्यान ही गया। रविवार को पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ का एमए अंतिम का रिजल्ट आया। इसमें पिथौरा के एक फुटपाथ पर जूता चप्पल बेचने एवं भवन ढलाई के लिए आवश्यक सेंट्रिंग मटेरियल किराए पर देने का व्यवसाय करने वाली उपासना यादव का नाम गोल्ड मेडलिस्ट में दर्शाया गया था। स्वयं को गोल्ड मेडल की खबर मिलते ही उपासना खुशी से अपनों के सामने इजहार करने दौड़ पड़ी। उपासना यादव एवं उसके आसपड़ोस वालों ने जो कहानी बताई वो किसी फिल्म की स्टोरी से कम नहीं थी। उन्होंने बताया कि वे अपने पिता की दूसरी संतान है। उनसे बड़ा एक भाई और छोटी एक बहन भी है।



3 वर्ष पूर्ण होते ही उसके पिता सुरेश यादव ने उसे पिथौरा के सरस्वती शिशु मंदिर में भर्ती कराया। यही से उसे संस्कार की शिक्षा के साथ पढ़ाई कर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। इसके बाद शासकीय कन्या शाला में उसने 12वीं तक कि पढ़ाई की। घर में कोई पढ़ा लिखा नही था। इसके बावजूद वह प्रत्येक परीक्षा में स्कूल में प्रथम स्थान पर रहती थी। इसके बावजूद उसे कभी भी वह सम्मान नही मिला, जो अन्य टॉपर बच्चों को मिलता था। इसके बाद भी कभी वह निराश नहीं हुई और पढ़ाई का क्रम जारी रखा। पिथौरा के सरकारी कॉलेज से ही उसने बीए तक पढ़ाई की। यहां भी वह 76 प्रतिशत अंक लेकर टॉपर थी। इसके बाद आर्थिक स्थिति न होने के कारण उसने भासा साहित्य में सीवी रमन यूनिवर्सिटी से एमए किया। एमए करने के बाद उपासना ने सीजीपीएससी की परीक्षा दी। परन्तु, कुछ ही अंकों से पीछे रह गयी। लिहाजा, अपनी पढ़ाई का क्रम जारी रखने उसने प रविशंकर यूनिवर्सिटी में एमए के लिए प्रवेश परीक्षा दी। इस परीक्षा में पहली बार में ही उसे सफलता मिली और उसका चयन छत्तीसगढ़ी साहित्य में एमए के लिए हो गया। नियमित एम ए करते उसे अपने घर को चलाने का दबाव भी था। परन्तु, पिता सुरेश यादव की हिम्मत ने उसे रविशंकर विश्वविद्यालय में ही एमए करने मजबूर कर दिया। जिसके कारण आज वह एमए अंतिम का परिणाम आने के बाद गोल्ड मेडलिस्ट हो गयी है।

### भगवान ने उसकी बहुत परीक्षा ली

अपनी पढ़ाई के दौरान उसे अनेक परीक्षाओं का सामना करना पड़ा। पहले बीए तक की पढ़ाई उसने घर खर्च के लिए फुटपाथ में जूता चप्पल बेच कर की। दुकान में ही समय निकाल कर वह हमेशा पढ़ती रहती थी।

इसके बाद रायपुर रविशंकर यूनिवर्सिटी में उसका चयन होंते ही पिता सुरेश यादव को लकवा मार गया जिससे उसकी पढ़ाई पर सीधा असर होने लगा था। इसके बाद उसने लकवा के इलाज के बारे में पता लगाया तब उसे राजस्थान में इसके अच्छे उपचार की जानकारी मिली।

जहां उपासना स्वयं पिता को लेकर उपचार के लिए पहुंच गयी। उपचार के बाद वापस आने पर उसने रायपुर आकर एमए की तैयारी की और इस एमए में पुनः एक बार पूरी यूनिवर्सिटी में टॉप किया और इस परीक्षा में 74 फीसदी अंक लेकर टॉप किया जिसके कारण उन्हें गोल्ड मेडल के लिए चयन किया गया है। गोल्ड मेडलिस्ट उपासना ने इस प्रतिनिधि को बताया कि उनके अपने लोगों ने ही उन्हें लगातार लड़की है बाहर मत पढ़ो, कहते हुए उनके बारे में अनर्गल बाते भी करते रहते। लोगों की बातों से वे थोड़ी देर हताश रहती थी। परन्तु, इसके बाद दुगुने उत्साह से पढ़ाई में जुटी रही और साथ पूरा घर चलाने की जिम्मेदारी एवं पापा के उपचार एवम उन्हें प्रतिदिन उपचार के लिए ले जाने की जिम्मेदारी का भी निर्वहन करती रही।

पीएससी की तैयारी भी उसने इंटरनेट पर मौजूद साहित्य मोबाइल से सर्च कर पढ़ती रहती थी। लिहाजा पिछली पीएससी परीक्षा में वह सफलता से मात्र 4 अंक पीछे रह गयी थी। बहरहाल, आर्थिक कारणों से अब भी यह बेटी अपने व्यवसाय में ही बैठकर पीएससी की तैयारी में जुटी है। उसे भरोसा है कि उसकी मेहनत और माता पिता के आशीर्वाद के कारण वह एक दिन जरूर अपने मकसद में कामयाब होंगी, और सपनों को पूरा कर सकेगी।



### शाकंभरी जयंती पर किया सब्जी वितरण

**नर्रा।** पौष पूर्णिमा शाकंभरी जयंती पर शांति नगर मरार समाज के युवा वर्ग की अगुवाई में बाजे गाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। साथ ही प्रसादी के रूप में हरी साग सब्जी पैकेट का वितरण किया गया। मां शांकभरी की जयघोष की नारे लगाए। इस दौरान दयालु राम महेश पटेल, लक्ष्मण पटेल, ईश्वर पटेल, कौशल पटेल, गंगाराम बंशीलाल, कोमल, भागीरथी पटेल, शत्रुघन, होमसिंह समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### नयागांव में रामनामी कीर्तन कार्यक्रम हुआ

**सरायपाली**। रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर ग्राम नयागांव में समस्त ग्रामवासियों द्वारा एक दिवसीय रामनाम कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूजा अर्चना के लिए संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल को ग्रामवासियों द्वारा आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अग्रवाल ने कहा की मुझे बहुत ख़ुशी हुई कि आप सब लोगों ने मुझे आमंत्रित किया। अग्रवाल ने कार्यक्रम समिति एवं ग्रामवासियों को आश्वासन दिया कि उनके सहयोग और कार्यों के लिए संगम सेवा समिति सदैव तैयार है। कार्यक्रम में मंच संचालन जितेंद्र नायक ने किया। कार्यक्रम में तुषार सेन, विजय नाग, मनोज साहू, अनिल नायक, भगवान बारीक, अक्षत प्रधान, सत्या बेहरा, बलराम मटारी, गणेश मलिक, रामलाल बारीक, सुदामा मटारी, नवीन मलिक, संजय मटारी, सूरज मटारी, उपेंद्र भोई, तरुण गुप्ता, दिलीप साहू, मकरध्वज यादव, उपमन्यु मटारी आदि मौजूद रहे।



### उत्कृष्ट कार्य के लिए सतीश का सम्मान

**सरायपाली**। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह में विकासखंड सरायपाली से बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल को चुनाव में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। साथ में सरायपाली विकासखंड से शैलेंद्र नायक, मनोज पटेल, योगेश साहू, पीतांबर बाग का भी सम्मान चुनाव के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। जिला कलेक्टर प्रभात मलिक, एसपी कुकरेजा एवं डीएफओ द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया।



### बर्फानी बाबा का किया स्वागत

**महासमुंद**। सर्व समाज समन्वय नारी शक्ति महासभा की नगर अध्यक्ष बसंती साहू के निवास स्थान में बद्रीनाथ से पधारे संत बर्फानी वाले बाबा का आगमन हुआ। सर्व समाज नारी शक्ति की सभी बहनों द्वारा उनका स्वागत कर दर्शन लाभ और आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नारी शक्ति महासभा की जिला अध्यक्ष नैना श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अर्चना शर्मा, लक्ष्मी साहू, जनपद अध्यक्ष सुरेखा कंवर, सर्व समाज समन्वय महासभा के प्रदेश सचिव मोहंती आदि मौजूद रहे।

## पर्व विशेष : उत्सव मनाने में सहयोग तथा खुशियां बांटने की महत्ता को बताया

# सलिहाभांठा के बच्चों ने नाचते-गाते पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर मांगा छेरछेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में बाल कैबिनेट के नेतृत्व में बच्चों ने नाचते-गाते पारंपरिक वेशभूषा में सजधजकर छेरछेरा मांगा। गांव घूमने के पूर्व छत्तीसगढ़ की अन्न दान की पारंपरिक पर्व का महत्व और उत्सव मनाने में सहयोग तथा खुशियां बांटने की महत्ता को बच्चों ने अपने शब्दों में बताया। छेरछेरा का पर्व क्यों मनाते है? इस पर भी शिक्षकों और उपस्थित पालकों द्वारा बच्चों को बताया गया। गांव भ्रमण कर पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक मंत्री इंद्राणी साहू और



लालिमा दीवान के नेतृत्व में नाचते गाते बच्चों ने गांव में लोगों से अन्न दान मांगा। लोगों ने इस दौरान बच्चों के लिए ताली बजाकर खूब उत्साहवर्धन किए। गांव में बच्चों के साथ अन्य लोग भी जुड़ते गए। बाल कैबिनेट के प्रधानमंत्री ललित ध्रुव ने चर्चा में बताया कि छेरछेरा में अन्न व पैसे का उपयोग बाल कैबिनेट द्वारा सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए किया जाएगा। छेरछेरा भ्रमण में शिक्षक धर्मेंद्र ध्रुव, पुष्पलता पटेल व पालकों की ओर से पिरीत राम साहू, घांसु राम दीवान, दौलत राम दीवान, पंचराम ध्रुव, दयालु राम ध्रुव, कृपा राम ध्रुव, कीर्ति दीवान, डमरू ध्रुव, खिलेश्वरी ध्रुव, सुशीला साहू, बच्चों के साथ उपस्थित रहे।



### गांवों में उल्लास के साथ मनाया छेरछेरा पर्व

पिथौरा। छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर ग्रामीण अंचलों में उल्लास पूर्वक मनाए जाने की खबर है। इस अवसर पर बच्चे बड़े सभी टोली बनाकर घर-घर पहुंचकर दान मांग कर परंपरा को जीवंत रखा है। ग्राम अरंड में खुशहाली का प्रतीक इस त्यौहार में घर-घर पहुंचे लोगों को महिलाओं ने सूपा में अपने धान की फसल का छेरछेरा देते हुए मिलो बाई ध्रुव, जमुना बाई साहू, टिकेश्वरी बाई एवं साथ में ग्रामीणजन।



महासमुंद। नगर पंचायत तुमगांव में जय मां शीतला आधार युवा शक्ति के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहार छेरछेरा पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। युवाओं ने छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेर हेरा के गूंज के साथ नगर के सभी घरों में जाकर छेरछेरा मांगा। युवा शक्ति प्रमुख व पार्षद धर्मेंद्र यादव ने बताया कि किसानों द्वारा धान कटाई कर धान को घर के कोठी में रखा जाता है। पौष पूर्णिमा पर अन्न दान का पर्व छेरछेरा पर्व मनाया जाता है।

### बिरकोनी में धूमधाम से मनाया छेरछेरा पर्व

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर, बड़गांव, नयापारा, अछरीडीह, खट्टीडीह में पौष पूर्णिमा पर छत्तीसगढ़ का पारम्परिक पर्व छेरछेरा गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अन्नदान पर्व को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह रहा। किसान अपनी नई फसल को काटने और फसल का कुछ हिस्सा दान देने का परंपरा का नाम ही छेरछेरा है। बच्चों सहित लोगों ने समूह में हाथ में थैला लिए छेरछेरा मांगने निकले। लोगों ने भी सहर्ष दान स्वरूप धान व चावल दिया। रामायण मंडलियां भजन कीर्तन के साथ छेरछेरा मांगने पहुंचे। सभी घरों से एकट्ठा हुए धान को बेचकर बच्चों ने अपनी पसंद से मड़ई मेला में खर्च किए। यह त्यौहार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की प्रेरणा देने वाला माना जाता है।



## कांग्रेसियों ने पूर्व सीएम बघेल से छेरछेरा मांग कर किया ऐतिहासिक स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भंवरपुर गणतंत्र यात्रा के प्रवास के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के झलप जोन के कार्यकर्ताओं द्वारा बस स्टैंड में छेरछेरा पुन्नी पर्व पर छेरछेरा मांग कर उनका स्वागत किया गया। पूर्व सीएम बघेल ने सभी को छेरछेरा पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खिलावन साहू ब्लॉक अध्यक्ष, लमकेश्वर साहू जोन प्रभारी, मोहित ध्रुव मध्य आदिवासी विकास प्राधिकरण पूर्व सदस्य, मनबोध ध्रुव वरिष्ठ कांग्रेसी, मीडिया प्रभारी आलोक नायक, राजू दीवान प्रदेश सचिव आदिवासी कांग्रेस, कमलेश चंद्राकर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग ब्लॉक कांग्रेस, द्रोण चंद्राकर अध्यक्ष ब्लाक किसान कांग्रेस सेक्टर प्रभारीगण, मायाराम टंडन, रेवती रमन पटेल, किशन कोसरिया, हेमंत डडसेना जनपद सभापति, डागा राम साहू



अध्यक्ष सहकारी समिति सरायपाली, कृष्ण कुमार नर्मदा अध्यक्ष सहकारी समिति रायतुम, अतुल गुप्ता अध्यक्ष चिरको महाविद्यालय, संतोष साहू अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, जगत देवदास ब्लॉक उपाध्यक्ष, राजा गंभीर, प्रीतम यादव वरिष्ठ कांग्रेसी, पवन दीवान सरपंच मुनगासेर, रेवा राम चौहान सरपंच भटगांव, धनाऊ ध्रुव, किशन यादव, समीर खान, मुन्ना साहू, हेमलाल यादव, टोपेश यादव, देवेंद्र रौतिया जिलाध्यक्ष सर्व रविदास समाज, वीरेंद्र ठाकुर, भागी साहू, कुलेश्वर दीवान, लेख राम साहू, नेपाल दीवान, अमन खनूजा, यशवंत दीवान, थान सिंह महानंद, हेमंत सिंह, प्रताप मन्ना डे, घनश्याम विक्रम ध्रुव, गजेंद्र ध्रुव, शत्रुघ्न चंद्राकर, भोजराम, भागी पटेल, इंद्र सावरा, चैन सिंह दीवान, नरेंद्र दीवान, प्रेम सिंह, होश राम दीवान, सुनील दीवान, विजेंद्र दीवान, फुलेश्वर दीवान, सुखराम दीवान, रूपेश दीवान, आलोक दीवान, परदेसिया बंजारे, संजय देवांगन, जावेद खान, राम सिंह युगरे, नर्मदा पिंजरा आदि उपस्थित रहे।

## टेका के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम, बच्चों से की ज्ञानवर्धक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

